an>

Title: Need to issue necessary directions to Banaras Hindu University to conduct elections of Students' Union as well as Teachers' Assosciation and Non-teaching staff.

**डॉ. महेन्द्र नाथ पाण्डेय (चन्दौली) :** काशी हिन्दू विश्वविद्यालय जिसका अपने आप में इतिहास रहा है, लगभग 22-23 वर्ष से वहां पर छात्र संघ, अध्यापक संघ एवं गैर-शिक्षण संघ का चुनाव नहीं हुआ है, जो लोकतंत्र में सर्वथा अनुचित है। ऐसा प्रतीत होता है कि चुनाव नहीं कराने के पीछे प्रशासन के द्वारा की गई अनियमितता उजागर होने का डर भी एक कारण है। लिंगदोह समिति के प्रावधानों के बाद देश में अनेक विश्वविद्यालयों एवं उच्च स्तरीय शिक्षण संस्थाओं में छात्र संघ का चुनाव हुआ, लेकिन काशी हिन्दू विश्वविद्यालय प्रशासन की हठधर्मिता के चलते अभी तक चुनाव संभव नहीं हो पाया है। कहीं न कहीं चुनी हुई संस्थाओं के रहने से प्रशासन, अवस्थापना एवं विकास से संबंधित कार्यों के प्रति दायित्व धारक सजग एवं चैतन्य रहते हैं, उनके नहीं होने से उनमें निरंकुशता एवं मनमानापन आ जाता है।

इस समय यहां छात्र लगातार अनशनरत एवं विभिन्न प्रकार से आंदोलनरत हैं।

अतः सरकार से मांग करता हूं कि काशी हिन्दू विश्वविद्यालय प्रशासन को निर्देश दिया जाए ताकि अविलंब लोकतंत्र एवं जनहित तथा छात्रहित को ध्यान में रखते हुए छात्र संघ का चुनाव कराया जाए साथ ही अध्यापक संघ एवं गैर-शिक्षण कर्मचारी संघ के भी चुनाव कराने के निमित्त समुचित निर्देश दिए जाए।